SANSKRITI IAS

sanskritiias.com/hindi/pt-cards/india-internet-governance-forum-2021

- नेशनल इंटरनेट एक्सचेंज ऑफ इंडिया (NIXI), इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा **इंडिया इंटरनेट गवर्नेंस फोरम - 2021 की समन्वय समिति के अध्यक्ष श्री अनिल कुमार जैन ने इंडिया इंटरनेट गवर्नेंस फोरम (IIGF) - 2021 के शुभारंभ की घोषणा की है।**
- इस घोषणा के साथ भारत में संयुक्त राष्ट्र आधारित इंटरनेट गवर्नेंस फोरम की शुरुआत हो गई है। **यह फोरम इंटरनेट से संबंधित सार्वजनिक नीति के मुद्दों पर चर्चा करने के लिये विभिन्न समूहों के प्रतिनिधियों को एक साथ लाने हेतु एक इंटरनेट शासन नीति चर्चा मंच प्रदान करती है। इस तीन दिवसीय फोरम की शुरूआत 20 अक्टूबर, 2021 को होगी। इस वर्ष की बैठक का विषय डिजिटल इंडिया के लिये समावेशी इंटरनेट है।**
- संपर्क के इस माध्यम को इंटरनेट गवर्नेंस के बहु-हितधारक मॉडल के रूप में जाना जाता है, जो इंटरनेट सफलता की प्रमुख विशेषता है। संयुक्त राष्ट्र के अंतर्गत इंटरनेट गवर्नेंस फोरम तथा इंटरनेट कॉर्पोरेशन फॉर असाइन्ड नेम्स एंड नंबर्स द्वारा बहु-हितधारकों की अवधारणा को प्रभावी ढंग से अपनाया गया है।
- **भारत, विश्व का दूसरा सबसे बड़ा ब्रॉडबैंड सदस्यता वाला देश होने के साथ प्रतिमाह प्रति उपयोगकर्ता सबसे अधिक डेटा की खपत करने वाला देश भी है।** इंडिया इंटरनेट गवर्नेंस फोरम यह सुनिश्चित करने के लिये एक सुधारात्मक पहल है कि ब्रॉडबैंड का विकास भारतीय समुदाय की जीवन शैली एवं आवश्यकताओं के अनुरूप है।

X X